बेरोजगारी, पेपर लीक सहित दुष्कर्म जैसे मुद्दों पर गहलोत सरकार को घेरा

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर देहात जिला कार्यसमिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष जालम सिंह भाटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि गहलोत सरकार को घेरते हुए बताया कि आजादी के 70 वर्षों के भाजपा की केन्द्र सरकार के नेतृत्व में पक्के घर, शौचालय, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, कोरोना महामारी से लड़ाई में भारत सरकार के प्रबंधन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कई जनहितकारी योजनाओं का वर्णन किया और गहलोत सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरा। इस दौरान राजस्थान सरकार के विरुद्ध राजनैतिक प्रस्ताव पास किया और राजस्थान में बेलगाम अपराध, बेरोजगारी, पेपर लीक, क्षतिग्रस्त सड़के सहित महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसे विभिन्न विषयों को जोड़कर सरकार की नाकामियों को गिनाया।

बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, संगठन प्रभारी काशीराम जाखड़, विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, सुमित गोदारा, पूर्व जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, विश्वनाथ मेघवाल उपस्थित थे। बैठक में मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम् गीत के साथ बैठक की विधिवत शुरुआत की गई।

बैठक में उपस्थित जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी का स्वागत किया गया। आये हुए सभी अथितियों का साफा पहना कर अभिनंदन परिचय संवाद किया। बैठक को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने अपने स्वागत भाषण में आए हुए जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन लगातार संगठन के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। आपके द्वारा जो कार्य संपादित हो रहे हैं निश्चित तौर पर प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व भी इस पर नजर रखे हुए है। हम सभी को अपने कार्य पर तीव्रता लाना है और प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्य योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करना है। जल्द ही मंडलों की कार्यसमिति की बैठकों को संपन करने के निर्देश दिए।

जिला संगठन प्रभारी काशीराम जाखड़ ने अपने भाषण में आए हुए सभी मंडल अध्यक्षों को व मंडल के प्रभारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में जल्द ही मंडल कार्यसमिति पूर्ण कर ली जाए। साथ ही मंडल प्रवास और नव मतदाता अभियान को गति देने का काम करें। जाखड़ ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र नेतृत्व द्वारा जो कार्य योजनाएं भेजी जा रही है। उनको क्रिया क्रियान्वयन कर धरातल पर लाने को कहा।

साथ ही केन्द्र सरकार की योजनाओं को ढाणी ढाणी व गांव-गांव तक पहुंचे, ऐसी योजना बनाने का आग्रह किया। बैठक को विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, सुमित गोदारा, पूर्व जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत संबोधित किया। इस बैठक में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा महामंत्री, प्रकोष्ठ के संयोजक व सह संयोजक पंचायत समिति प्रधान,नगर पालिका चेयरमैन, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक का संचालन जिला महामंत्री कुंभाराम सिद्ध ने किया।

बीकानेर में देहात भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को देहात भाजपा अध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने संबोधित किया।

■ देहात भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में राज्य सरकार के खिलाफ राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के निजी अस्पतालों, लैब और स्कूलों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पकड़ने में पुलिस की बड़ी सफलता मिली है।

दोनों युवक गुरूवार देर शाम मीरा चौक पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर छजगिरिया मोहल्ले में एक प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर का लैपटॉप और एलईडी टीवी बेचने के लिए आए थे। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया। इनके कब्जे से लैपटॉप और एलईडी टीवी बरामद हो गए। जवाहरनगर थाना पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक हर्ष जसूजा (35) पुत्र पवन जसूजा निवासी भूप कॉलोनी तथा सोनू जैन (40) पुत्र चंद्रसेन जैन निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हैं। दोनों ही नशा करने के आदी हैं।

आरोपी पिछले दो महीने से लगातार चोरियां कर रहे थे। बड़ी बात यह रही कि मुकदमा दर्ज होने के महज 3 घंटे के दरमियान ही पुलिस ने आरोपियों को माल सहित पकड़ लिया। इनको पकड़ने में एएसआई सुरेंद्र ज्याणी और सिपाही कृष्ण साहू की अहम भूमिका रही। अर्पण हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शैलेश गोयल ने जवाहर नगर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया था। दोनों को गिरफ्तार किया। अदालत में पेश कर रिमांड मांगा जायेगा। हॉस्पिटल में लगे कैमरा रिकॉर्डिंग में चेहरा ढके हुए दो व्यक्ति गुरुवार तड़के लगभग 3 बजे आते हुए दिख रहे हैं।

सार-समाचार

'रूचि का काम सीख रोजगार पाएं'

जन शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष गिरिराज मोहता ने अस्सिटेंट ड्रेस मेकर प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे।

बीकानेर, (कासं)। जन शिक्षण संस्थान, बीकानेर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नोखा में संचालित अस्सिटेंट ड्रेस मेकर प्रशिक्षण केन्द्र के प्रमाण पत्र वितरित किये गये। महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ इस 105 दिवसीय प्रशिक्षण अनुदेशिका संतोष बाहेती के द्वारा संचालित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष गिरिराज मोहता ने प्रशिक्षणर्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। अब आप स्वरोजगार के लिए स्वयं का कार्य शुरू कर सकती है। इस मौके पर मोहता ने कहा कि हमारा देश विश्व में सबसे अधिक युवाशक्ति वाला देश है। इसी के साथ यह भी सत्य है कि हमारे देश में युवाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की है। बेरोजगारी के इस विकट दौर में युवाओं के सामने आत्मनिर्भरता प्राप्त करना बहुत मुश्किल हो रहा है। ऐसी स्थिति में युवाओं को मात्रा सरकारी नौकरी पाने की ललक में नहीं रहकर अपना रूझान व्यावसायिक कौशल प्राप्त कर रोजगार और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की ओर करना चाहिए। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश सुथार ने कहा कि युवाशक्ति व्यावसायिक कौशल का महत्व समझें और अपनी रूचि का काम सीखें साथ ही दूसरे युवाओं को भी प्रेरित करें। क्योंकि हुनर की शक्ति से ही बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है। संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने उमाशंकर आचार्य ने कहा कि संस्थान 2001 से आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को उनकी रूचि एवं स्थानीय परिवेश की आवश्यकतानुसार व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहा है।

गीतों भरी शाम में गूंजे तराने

गीतों भरी शाम संगीत प्रेमियों के नाम कार्यक्रम में बीकानेर के कलाकारों ने दिवगंत गायकों को श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर, (कासं)। अमन कला केन्द्र बीकानेर द्वारा पार्श्व गायक मोहम्मद रफी किशोर कुमार मुकेश व अन्य कलाकारों की याद में फिल्मी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम गीतों भरी शाम संगीत प्रेमियों के नाम कार्यक्रम शनिवार को टाउन हॉल में आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा शहर महामंत्री मोहन सुराणा थे अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा व उप वन संरक्षक अहमद हारून कादरी ने की विशेष आमंत्रित मेहमान जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि श्रीकिशन जोशी, मधु अरूण पांडे, एम. आर. मुगल, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ सुधीर शर्मा, रहमत अली, संजीव ऐरन, नेमीचंद गहलोत, रामदेव अग्रवाल, अशोक सोनी जसमतिया, एम आर कुकरेजा थे। संस्था के सचिव अनवर अजमेरी ने बताया की कार्यक्रम में अहमद हारून कादरी, ख्वाजा हसन कादरी, अनवर अजमेरी, एम रफीक कादरी, डॉ राकेश रावत, ललित शर्मा, इकरामुदीन कोहरी, कमल श्रीमाली, नरेन्द्र खत्री, अनीस खेरादी, गोपिका सोनी, सुमन पंवार, डॉ तपस्या चतुर्वेदी, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, सुरेन्द्र नाथ, डॉ सुधीर शर्मा, नदीम हुसैन, दिव्यांशु अग्रवाल, अकबर अली, नीरज स्वामी, अशोक सोनी जसमतिया सहित अनेक गायक कलाकारों ने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश व अन्य पार्श्व गायकों के गीत पेश किये। संचालन एम. रफीक कादरी ने किया।

ए.एन.एम. प्रशिक्षण काउंसलिंग 14 को

हनुमानगढ़, (कासं)। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) प्रशिक्षण सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग 14 फरवरी को स्वास्थ्य भवन (सीएमएचओ कार्यालय) में प्रातः 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। सीएमचओ डॉ. ओपी चाहर ने बताया कि इस काउंसलिंग में कुल सीटों के 5 गुना अभ्यथिर्यों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें सामान्य वर्ग के 90.00 प्रतिशत, ओबीसी के 88.80 प्रतिशत, अनुसूचित जाति वर्ग में 88 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति वर्ग में 85 प्रतिशत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 80 प्रतिशत, अति पिछड़ा वर्ग में 50.60 प्रतिशत कट ऑफ रहा है। इसी प्रकार, आशा सहयोगिनी 56.15 प्रतिशत, दिव्यांग वर्ग में 47.08 प्रतिशत, विधवा/तलाकशुदा वर्ग में 73.60 प्रतिशत तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्ग में 48.62 प्रतिशत कट ऑफ रहा है। उन्होंने बताया कि आमंत्रित किए गए अभ्यथिर्यों की सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

पदयात्रा में प्रमुख नेताओं की गैर मौजूदगी कांग्रेसियों को अखरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। कांग्रेस के 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' के तहत प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी जिया उर रहमान आरिफ के नेतृत्व में शहर में हुई पदयात्रा के दौरान प्रमुख नेताओं की गैर मौजूदगी कांग्रेसियों को खूब अखरी।

पदयात्रा खत्म होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव आरिफ से ही पूछ लिया कि जिन्हें राजनीतिक नियुक्तियां दी गई हैं, वे अब कहा हैं। आपके नेतृत्व में यात्रा निकलने की सूचना देने के बाद भी प्रमुख नेता नहीं आए। कुछ नाराज कार्यकर्ताओं ने हाल ही में बनाए जिला सतर्कता समिति के सदस्यों के बारे में पूछ लिया कि सरकार ने उन्हें पद दिए।

वे अब पार्टी के लिए कुछ क्यों नहीं कर रहे हैं। एक नेता को तो पीसीसी के साथ सतर्कता समिति में भी दोहरी नियुक्ति से नवाजा गया है। चुनाव में कार्यकर्ताओं को ही पार्टी की सभाओं के लिए भीड़ जुटाने के लिए कहा जायेगा। इस पर प्रदेश सचिव आरिफ ने समझाइश करते हुए कहा कि राजनीतिक नियुक्तियां तो सरकार करती है। मैं तो संगठन के बारे में चर्चा कर सकता हूं। तब कार्यकर्ताओं ने कहा कि तो फिर बताइये कि अब तक जिलाध्यक्ष क्यों नहीं बनाया जा रहा है।

पार्टी खत्म होती जा रही है। इस पर प्रभारी सचिव का जवाब था कि पार्टी संगठनात्मक नियुक्ति कर रही है। जिले में आठ ब्लॉकों के अध्यक्ष बना दिए हैं। कुछ ही दिनों में नया जिलाध्यक्ष बना दिया जायेगा।

कांग्रेस सेवादल ने पुरानी आबादी में पद यात्रा निकाली। इसमें कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क कर लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कोडा चौक से पद यात्रा की शुरुआत हुई, जो ताराचंद वाटिका, सुखवंत पैलेस होते हुए थाना के सामने स्थित हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई।

पदयात्रा के दौरान वार्ड नंबर 17, 18, 20 व 21 में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की जानकारी देते हुए प्रदेश सचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि यात्रा से देशभर में सद्भाव का संदेश दिया गया है। प्रदेश सचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा नफरत फैला रही है।

प्रदेश सचिव के अनुसार राज्य में कांग्रेस सरकार की नीतियां जनकल्याणकारी हैं। सेवादल के जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा ने लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। पदयात्रा के दौरान शहर ब्लॉक समन्वयक भूप तालणियां व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी बिश्नोई ने 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' पर चर्चा करते हुए कहा कि दो महीने तक चलने वाला ये अभियान पदयात्रा के रूप सभी ग्राम पंचायतों और मतदान केन्द्रों पर चलाया जा रहा है।

■ 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' के तहत पदयात्रा खत्म होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव आरिफ से ही पूछ लिया कि जिन्हें राजनीतिक नियुक्तियां दी गई हैं, वे अब कहा हैं

शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

बीकानेर, (कासं)। निजी शिक्षण संस्थानों के नियंत्रण एवं निगरानी हेतु विनियामक प्राधिकरण राजस्थान प्राईवेट एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूशंस रेगुलेटरी अथॉरिटी बिल - 2023 को गैर आवश्यक बताते हुए प्राईवेट एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूट्स प्रोसपैरिटी एलायंस (पैपा) के प्रदेश समन्वयक गिरिराज खैरीवाल ने शनिवार को शिक्षा मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला को मांगपत्र प्रस्तुत किया।

गोपेश्वर बस्ती स्थित गोपेश्वर विद्यापीठ के पास आयोजित लघु कार्यक्रम के दौरान दिए गए इस मांग पत्र में इस विनियामक प्राधिकरण को गैर जरूरी बताते हुए कहा गया है कि जब प्राइवेट संस्थाओं पर चार चार अधिनियम गैर सरकारी शैक्षिक संस्था कानून - 1989, नियम - 1993, आरटीई एक्ट - 2009 एवं फीस अधिनियम - 2016 पहले से ही लागू हैं तो फिर इस प्राधिकरण का कोई औचित्य नहीं है। पत्र में शिक्षा मंत्री से इस संबंध में पैरवी करने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि राज्य सरकार ने इस अनावश्यक प्राधिकरण को निजी शिक्षण संस्थानों पर थोपा तो राज्य सरकार का विरोध किया जायेगा।

कुर्सी की लड़ाई में आमजन के मुद्दों को भूली सरकार : अमराराम

अनूपगढ़, (कासं)। घड़साना मंडी में स्थित लायंस भवन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया।

कॉमरेड अमराराम ने आरोप लगाया है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार कुर्सी के चक्कर में आमजन के मुद्दों को भूलकर गहलोत और पायलट की लड़ाई में उलझी हुई है। केन्द्र की मोदी सरकार ने 3 कानून वापस लेने के बाद किसानों के एमएसपी पर कानून बनाने का वायदा किया था मगर सरकार अब अपने वादे से मुकर रही है।

सम्मेलन की अध्यक्षता कॉमरेड लक्ष्मण सिंह के द्वारा की गई। सम्मेलन में पहुंचे मुख्य वक्ताओं ने राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को जन विरोधी सरकार बताते हुए कई आरोप भी लगाए। घड़साना माकपा के सचिव शोभा सिंह ढिल्लो ने बताया कि सम्मेलन को माकपा के राज्य सचिव कामरेड अमराराम, जिला सचिव कामरेड श्योपत मेघवाल ने संबोधित किया। कामरेड अमराराम ने कांग्रेस और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में किसान, मजदूर, विद्यार्थी और प्रत्येक वर्ग को दोनों सरकारों ने कुचलने का काम किया। किसानों की कर्ज माफी को लेकर केन्द्र व राज्य की सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ है। श्रीगंगानगर जिले में पूरे देश से महंगा डीजल पेट्रोल लेने के लिए किसान मजदूर आमजन मजबूर है। उन्होंने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में माकपा राजस्थान में दोनों सरकारों की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चुनाव में उतरने का काम करेगी।

■ कामरेड अमराराम ने गहलोत व मोदी सरकार को आमजन के मुद्दों पर घेरा

पी. एफ. कटौती के निस्तारण का आश्वासन

बीकानेर, (कासं)। बीटीयू के वीसी ने पी. एफ. कटौती व वेतन बढ़ोतरी प्रकरण को निस्तारित करने का आश्वासन दिया।

कुलपति बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय कुलपति से महासंघ के प्रतिनिधिगण यूसीईटी ईकाई के समस्त कार्मिकों द्वारा मुलाकात कर राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के मांग पत्र 27.12.2022 द्वारा यूसीईटी के अशैक्षणिक कार्मिकों की पी.एफ. राशि श्रम कानूनों के विरुद्ध असंवैधानिक कटौती किए जाने एवं वेतन बढोतरी रोके जाने के संबंध में प्रस्तुत शिकायत शीघ्र निस्तारण कर इस भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए अशैक्षणिक कार्मिकों को न्याय दिलाये जाने की मांग की गई।

कुलपति के समक्ष यह बताया गया कि अशैक्षणिक कार्मिकों की पी.एफ. राशि श्रम कानूनों के विरुद्ध असंवैधानिक कटौती किए जाने के संबंध में कुलसचिव महोदय द्वारा प्रकरण पर समिति गठन का आदेश जारी कर 10 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे। समिति सदस्य सचिव एवं सदस्य द्वारा रिपोर्ट आदेश की पालना में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किये जाने पर कुलसचिव दो दिन में रिपोर्ट के लिए कहा।

संत रविदास की जयंती मनाई

बीकानेर, (कासं)। भाजपा नेता रविशेखर मेघवाल ने संत रविदास की 646 जयन्ती पर आयोजित सांसद सेवा केन्द्र बीकानेर में एक कार्यक्रम कर रहे हैं जिसमें भजन संख्या का आयोजन भी होगा। भाजपा नेता रविशेखर मेघवाल ने कहा कि कल सांय 4 बजे संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। क्योंकि संत रविदास ने अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने समाज में लोगों को भक्ति के मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने जन्म से अथवा व्यवसाय से बढा नहीं होता बल्कि समाज के हित में काम करने से बड़ा होता है।

नोट दुगुने करने का झांसा देकर 50 हजार रूपये ठगे

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ के निकटवर्ती गांव 72 जीबी निवासी मुस्ताक अहमद पुत्र मोहम्मद रफीक ने चार लोगों के खिलाफ नोट दुगुने करने के बहाने घर बुलाने और फर्जी पुलिस कर्मी बनकर 50 हजार रुपए लूटने के आरोप में केस दर्ज करवाया है।

एफआईआर के अनुसार मुस्ताक अहमद की रामसिंहपुर में चश्मे की दुकान है। आरोप है कि रामू रायसिख निवासी 2 केएएम (खाल) ढाणी चश्मा लेने आया था। उसने रुपए दोगुने करने का झांसा दिया। 30 जनवरी को सुबह अपने दोस्त जगदीश मेघवाल के फोन से रामू रायसिख को फोन किया तो उसने मुस्ताक को अपने घर बुला लिया। रामू ने जगदीश व मुस्ताक को चाय पिलाई। आरोप है कि बाद में वह रामू द्वारा दिया रुपयों का पार्सल खोलने लगा। राम घर से बाहर चला गया। इस बीच दो लोग पुलिस की वर्दी में आये।

एक युवक साधारण कपड़ों में था। उन्होंने डोडा पोस्त की तस्करी का आरोप लगाते हुए जेब से 50 हजार रुपए छीन लिए। खुद को रावला थाने की पुलिस बताया। आरोप है कि नकली पुलिसकर्मियों ने रामू, जगदीश और उसे तीनों को गाड़ी में बैठा लिया। करीब 10-15 किमी दूर जाने के बाद उन्होंने वीडियो बनाया। सफेद कागज पर हस्ताक्षर करवा कर छोड़ दिया। रामू को साथ लेकर गाड़ी में चले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

■ फर्जी पुलिस कर्मी बनकर डोडा पोस्त की तस्करी का आरोप लगाते हुए जेब से 50 हजार रुपए छीन लिए

जिन चन्द्रसूरि पाटोत्सव भक्ति संगीत के साथ की दादा गुरूदेव पूजा, शोभायात्रा आज

बीकानेर, (कासं)। गच्छाधिपति जिनचन्द्र सूरिश्वर के पाटोत्सव के तहत कुशलायतन नाल में शनिवार को पदमप्रभु के मंदिर में शांति स्नात्र पूजा एवं दादा गुरुदेव जिनकुशल सूरि के मंदिर में भक्ति संगीत के साथ बड़ी पूजा व उसके बाद महाराजा कुमार पाल की आरती की गई।

रविन्द्र रंगमंच उज्जैन की त्रिनेत्र सांस्कृतिक संस्थान की ओर से गुरुदेव के जीवन आदर्शों पर आधारित कार्यक्रम 'सत्य साधक' कार्यक्रम व कुशल विद्यापीठ नाल के छात्र-छात्राओं ने गीत नृत्यों की मन मोहक प्रस्तुतियां दी। बडा उपासरा श्रीसंघ की ओर से पाटोत्सव के लाभार्थियों का अभिनंदन किया गया। भक्ति संगीत के साथ हुई पूजा में जिन चन्द्र सूरिश्वर, यतिवर्य अमृत सुन्दरजी, मुमुक्षु विकास चौपड़ा, इंदिरा नाहर, अंजली राखेचा, विचक्षण महिला मंडल, साधुमार्गी जैन महिला मंडल, पीन्टू स्वामी, महेन्द्र कोचर, मोहित बोथरा ने विभिन्न राग व तर्जों में दादा गुरुदेव जिन कुशल सूरिश्वरजी स्तुति व वंदना की।

जिनचन्द्र सूरि ने प्रवचन में कहा कि युवा पीढ़ी वर्तमान में केवल भौतिकता को ही महत्वपूर्ण मानकर आंतरिक स्तर पर पनपती दुर्बलताओं की अनदेखी करने लगा है। इससे युवाओं में अधैर्य, आकुलता, व्याकुलता, ईर्ष्या, द्वेष, दुर्भाव जनित दुःख, तनाव व अशांति बढ़ती है जिससे उनमें व्यसन, विकारग्रस्तता मन में हावी होने लगती है। बडा उपासरा खरतरगच्छ श्रीसंघ के अध्यक्ष अजय धाड़ीवाल ने बताया कि रविवार को सुबह आठ बजे गंगाशहर रोड की पार्श्वचन्द्र सूरिश्वरजी की दादाबाड़ी से शोभायात्रा (वरघोड़ा) निकलेगी। शोभायात्रा में प्रभुजी की पालकी, इंद्र ध्वजा व धर्म पताकांए, शंख, छत्र, चंवर, छड़ी के साथ गुरुदेव यतिवर्य अमृत सुन्दरजी, मुमुक्षु विकास चौपड़ा, इंद्रि नाहर, अंली राखेचा, सचेतन झांकियां, विविधता में एकता के दृश्य, सकल श्रीसंघ, महिला मंडल, नवयुवक मंडल, देश के कई इलाकों से आए गुरुभक्त वृंद शामिल होंगे। शोभायात्रा गोगागेट, ढढ्ढों का चौक, बेगानियों का चौक, डागा सेठिया पारख चौक, कोठारी मोहल्ला से निकलेगी।

गच्छाधिपति जिनचन्द्र सूरिश्वर के पाटोत्सव के तहत कुशलायतन नाल में दादा गुरूदेव की पूजा में भाग लेते श्रद्धालु।

■ सुबह आठ बजे पार्श्वचन्द्र सूरिश्वर की दादाबाड़ी से शोभायात्रा निकलेगी

डेरा के सेवादारों गली-मोहल्लों में श्रमदान कर की सफाई

श्रीगंगानगर, (कासं)। डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने शनिवार को शहर में स्वच्छता अभियान शुरू किया। शुरुआत शहर के भारत माता चौक और ताराचंद वाटिका से की गई।

यहां डेरा प्रमुख गुरमीत रामरहीम सिंह ने डिजिटल लरीके से अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक राजकुमार गौड़ ने मोबाइल पर डेरा प्रमुख से बातचीत की।

उन्होंने डेरे के इस अभियान को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे इलाके में स्वच्छता आयेगी। भारत माता चौक पर हुए आयोजन में एमएलए राजकुमार गौड़, नगर परिषद सभापति करुणा चांडक, दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर डुडेजा, नगर परिषद में प्रतिपक्ष की नेता बबीता गौड़, गिरीश चावला, हरभगवान सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। इन लोगों ने डेरे के प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे इलाके में स्वच्छता आयेगी। डेरा के सेवादार शहर की सड़कों पर सफाई करते दिखे। शहर को तेरह जोन में बांटकर प्रत्येक जोन में सेवादारों ने सफाई शुरू कर दी।

सड़कों के किनारे पड़े कचरे को एक तरफ किया गया। सेवादार सफाई करने के लिए झाड़ू, कस्सी, तसला, पल्ली, आरी, कुल्हाड़ी आदि साथ लेकर आए। सेवादारों ने पूरी तन्मयता के साथ सफाई की और शहर में लगे कचरे के ढेरों को साफ कर दिया।

गंगानगर में स्वच्छता अभियान में डेरा के सेवादारों ने गली- मोहल्लों में की साफ-सफाई की।